**खास-खबरें**

### 15 वर्षों से चल रहा है रामायण का अखंड पाठ

**सेमरी हरचंद।** कहते हैं राम का नाम हर एक काम को सफल कर देता है हर विपत्ति से निकाल देता है कुछ इस तरह का भाव लेकर सेमरी हरचंद से 4 किलोमीटर की दूरी पर कृषि प्रधान गांव ग्राम गुरमखेड़ी के हनुमान जी के मंदिर में लगभग 15 वर्षों से रामायण जी का अखंड पाठ व अखंड ज्योति , रामायण जी का वचन ग्राम वासी वारी वारी से दिन-रात करते आ रहे हैं ,ग्राम के नौजवान लड़के भी रामायण पाठ में रुचि ले रहे हैं जिससे कि आगे आने वाली पीढ़ी अपने धर्म एवं संस्कारों के प्रति निष्ठावान रहे ग्राम वासियों ने बताया कि जब से ग्राम में हनुमान जी का मंदिर बना है एवं हनुमान जी की मूर्ति स्थापित हुई है तभी से मंदिर में रामायण जी का अखंड पाठ व अखंड ज्योति जल रही है तभी से नगर में सुख शांति छाई हुई है किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई है और ना ही कोई अप्रिय घटना घटी है ग्रामवासीय का ऐसा मानना है कि हमारी हर समस्या का समाधान राम नाम का जाप करने से ही हो जाता है कोरोना संकट काल में भी यहां पर अखंड रामायण का पाठ चला रहा है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह के लिए तिथियां निर्धारित

**हरदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह योजना के तहत जिले में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह के लिये तिथियां निर्धारित की गई है। जारी कार्यक्रम अनुसार नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा 18 जनवरी को महारानी लक्ष्मीबाई मिडिल स्कूल हरदा में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम तथा 8 फरवरी को कृषि उपज मण्डी प्रांगण हरदा में मुख्यमंत्री कन्या निकाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा जनपद पंचायत हरदा द्वारा 2 फरवरी को ग्राम पंचायत बूंदड़ा, 3 फरवरी को ग्राम पंचायत हंडिया तथा 30 अप्रैल को ग्राम पंचायत अबगांवखुर्द में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी तरह नगर पालिका टिमरनी द्वारा 20 फरवरी को कृषि उपज मण्डी प्रांगण टिमरनी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### 24 दिसंबर को जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक

**खरगोन।** कलेक्टर श्री कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में 24 दिसंबर को दोपहर 03 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागृह में जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की समीक्षा बैठक आयोजित होगी। यह बैठक अनुसूचित जाति, जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 के नियम-17 के उपनियम 2 के अधीन आयोजित की जा रही है।

# केन-बेतवा लिंक परियोजना से दमोह जिला 100 प्रतिशत सिंचित होगा:राज्यमंत्री पटैल

**दमोह।**

दमोह में पहली बार इतनी बड़ी परियोजना का लाभ यहां की जनता को मिलेगा यहां के किसानों को मिलेगा, जिसके माध्यम से दमोह जिला 100 प्रतिशत सिंचित हो जाएगा इससे बड़ी बात किसानों के लिए कुछ और नहीं हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने बुंदेलखंड की चिंता की। केन-बेतवा लिंक परियोजना का बहुत बड़ा काम हमारे बुंदेलखंड में हुआ है, बुंदेलखंड के 6 जिले इसमें शामिल है, लगभग 8.50 लाख हेक्टेयर में सिंचाई हमारे बुंदेलखंड में होगी, यह इतना बड़ा काम है, जिससे दिशा और दशा दोनों बदल जाएगी। यह परियोजना लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की योजना है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज बटियागढ़ विकासखण्ड के ग्राम पिपरिया घनश्याम में





सुशासन सप्ताह अंतर्गत चल रहे प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान में व्यक्त किये। इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटैल ने पिपरिया घनश्याम में जमीन के स्वामित्व योजना तहत पट्टों का वितरण किया। उन्होंने ग्राम पिपरिया घनश्याम एवं खेजरा बलजू में नवनिर्मित 22.44 लाख रूपये की लागत के दो आंगनबाड़ी भवनों का भी लोकापर्ण भी किया। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर मीना मसराम धर्मेन्द्र कटारे और श्री गर्ग सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुये राज्यमंत्री लखन पटैल ने कहा 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के दिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी, खजुराहो के सांसद और प्रदेश के अध्यक्ष बी.डी. शर्मा जी के नेतृत्व में 25 दिसंबर को इसका भूमि पूजन होने वाला है, सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे। उन्होंने कहा इस परियोजना से लगभग 10 लाख हेक्टेयर से ऊपर सिंचाई होगी । उन्होंने कहा 17 तारीख को एक भूमि पूजन हुआ उससे मध्य प्रदेश के 11 जिले और केन-बेतवा लिंक परियोजना से मध्य प्रदेश के 9 जिले इस प्रकार कुल 20 जिले में 100 प्रतिशत सिंचित होंगे।

राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा यह शिविर मध्य प्रदेश सरकार भी चला रही है और केंद्र सरकार भी चला रही है। केंद्र सरकार द्वारा 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक जगह-जगह पर समस्या निवारण शिविर लगाकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, क्योंकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी का जन्म दिवस 25 दिसंबर को होता है, उन्होंने कहा सुशासन अच्छा हो जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी ठीक से काम करें इसलिए इसका नाम सुशासन दिवस रखा। सरकार की मंशा के अनुसार आपकी सरकार आपके द्वारा के तहत यहां पर शिविर लगाया गया है, यहां पर सारे विभागों के अधिकारी उपस्थित है, सरकार का यह मानना है कि गांव के लोगों को यदि कोई समस्या है, तो वह यहीं पर आकर आवेदन दें, उन्हें कहीं भटकने की जरूरत ना हो, इसलिए सरकार ने यह शिविर आयोजित किये है।

## गौशाला चौराहे पर नगर निगम ने नाले में कचरा फेंकने वालों पर लगाया जुर्माना



**खंडवा।**

नगर निगम खंडवा द्वारा झोन क्रमांक 4 के अंतर्गत गौशाला चौराहे पर सफाई व्यवस्था बनाए रखने हेतु हाथ ठेला व्यवसायियों को पहले समझाइश दी गई थी। इसके बावजूद, उनके द्वारा कचरा नाले में फेंकने की शिकायतें प्राप्त हुईं।

दोपहर के पश्चात, झोन अधिकारी श्री मनीष पंजाबी और निरीक्षण अधिकारी श्री सपन जैन ने दादा जी बायपास नाले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, नाले में कचरा पाया गया, जिसे स्थानीय हाथ ठेला व्यवसायियों द्वारा डाला गया था। इस गंभीर मामले को देखते हुए सभी वार्ड जमादारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद सफाई दल का गठन किया गया, जिसमें वार्ड जमादार राजेश घारू, विजय वर्मा, नितिन विवाल, वलीम खान, राजू डागोरे और उमेश सारसर शामिल थे। तत्पश्चात दल ने कार्रवाई करते हुए दोषियों पर जुर्माना लगाया। दीपक यादव, महादेव चार्ट भंडार, आशीष चाट भंडार-एक-एक हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

नगर निगम खंडवा ने व्यवसायियों को दोबारा निर्देशित किया है कि वे नाले में कचरा न डालें। सफाई व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी व्यक्ति पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें।

## युवक ने सलफास खाकर की आत्महत्या, मरने से पहले वीडियो बनाकर किया वायरल

**खंडवा।**

**मुंदी नगर में अंबेडकर वार्ड के निवासी श्याम कोठारी उम्र 37 साल ने सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली । गुरुवार को दोपहर अपने ही घर पर सल्फास की गोली खाई उसके बाद परिजनों द्वारा मुंदी सरकारी अस्पताल में लेकर पहुंचे हालत गंभीर होने के कारण में जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां श्याम कोठारी ने अंतिम सांस ली ।**

श्याम कोठारी की मौत से परिवार सदमे में हैं बताया जा रहा है कि पीतमपुर में नौकरी कर रहा है पिछले दो दिन पहले ही अपने घर आया था। मौत का क्या कारण है पुलिस इस जांच में जुटी है घटना खबर लगते मुंदी पुलिस मौके पर पहुंची हो जाच शुरू की शुक्रवार सुबह खंडवा में शव परीक्षण किया गया कर परिजनों को सौंपा । मतृक का मुदी में अंतिम संस्कार किया आपको बता दें कि 20 अक्टूबर 2021में साढ़े तीन साल के बेटे आकांक्षा की हत्या हो गई थी और हत्या कर उसे शव को बोरे में बंद कर दिया था जिसे मोहल्ले में सुनसान मकान में छोड़ दिया जिसकी गूंज प्रदेश स्तर तक पहुंची इस मामले में मोहल्ले के निवासी श्री राम कोठारी को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया और खंडवा कोर्ट ने उसे फैसला सुनाते हुए उसे कारवास की सजा सुनाई ।

**आत्महत्या से पहले एक वीडियो हुआ वायरल :** श्याम कोठारे मुंदी ने अपनी जीवन लीला समाप्त करने से पहले एक वीडियो बनाया जो कि सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है जिसमें अपनी मौत का जिम्मेदार प्रेमलाल कोठारे और अपनी पत्नी को बताया और शासन प्रशासन से इन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की है हालांकि वीडियो में कितनी सच्चाई है इसकी जांच में पुलिस जुटी है ।

### 11 जनवरी को सिरीशा भागवतुला बिखेरेंगी आवाज का जादू

**बैतूल।** 11 जनवरी को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में सुरो की महफिल जमेगी। सामाजिक संस्था संतुलन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध गायक और गायिका आ रहे हैं। इन्हीं में से एक सिरीशा भागवतुला हैं जिन्होंने अपनी पहचान इंडियन आइडल से बनाई है और कई फिल्मों में इनके गाने हिट हुए हैं। सामाजिक संस्था संतुलन के अध्यक्ष सजल प्रशांत गर्ग ने बताया कि म्यूजिकल नाइट को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि इंडियन आइडल फेम सिरीशा भागवतुला भी अपनी आवाज का जादू बिखरेंगी। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के धीरज मिश्रा ने बताया कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना चुकीं सिरीशा भागवतुला एक शानदार गायिका होने के साथ पढ़ाई में भी टॉपर रही हैं।



# 129 मरीजों के आंखों की हुई जांच में 78 को मिलेगी नई रोशनी

**भैंसदेही।**

**युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल, चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही के तत्वावधान में मोतियाबिंद जांच परामर्श एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही में किया गया।**

अतिथियों नेत्र चिकित्सक मुकेश यादव, गोपाल साहू, अभिषेक शुक्ला, डॉ शुभम शर्मा , अभिषेक विश्वकर्मा ने माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर नेत्र शिविर का शुभारंभ किया। इस शिविर में 129 मरीजो के आंखों की जांच की गई जिसमें से 78 मरीजों में मोतियाबिंद पाया गया सभी मरीजों के ऑपरेशन चिरायु मेडिकल कॉलेज भोपाल में किए जाएंगे।



चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल के अभिषेक शुक्ला ने कहा अस्पताल प्रबंधन का प्रयास रहता है कि जिन मरीजों में मोतियाबिंद मिलता है उन सभी मरीजों को नई रोशनी मिल सके। नेत्र चिकित्सा मुकेश यादव ने कहा कि ऑपरेशन के बाद मरीज को विशेष सावधानी रखना जरूरी होता है। ऑपरेशन के बाद मरीज को दो-तीन दिन सर से साबुन लगाकर नहीं नहाना चाहिए। गरिष्ठ और कड़क चीज नहीं खाना चाहिए। जो दवाई आप पहले से ले रहे हैं उन्हें लगातार लेते रहना चाहिए। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर अपने चिकित्सक को दिखाना चाहिए। संगठन के माध्यम से आमला, मुलताई, आठनेर, और भैसदेही में लगातार मोतियाबिंद के ऑपरेशन शिविर लगाए गए हैं। शिविर को सफल बनाने में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भैंसदेही स्वाति बरखाड़े एवं चिकित्सा स्टाफ का विशेष सहयोग रहा।

## समेरिटंस विद्यालय के व्याख्यानमाला में विषेशज्ञों ने रखे विचार

**नर्मदापुरम। वर्तमान समय में बच्चों का पालन-पोषण, उनकी शिक्षा और संस्कार एक चुनौतीपूर्ण कार्य हो गया है। समाज में नैतिक मूल्यों की गिरावट, मोबाइल फोन का बढ़ता उपयोग और अन्य परिस्थितियों के चलते समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।**

शिक्षक, पालक और बालक के बीच संबंध शिथिल होते जा रहे हैं। इन्हीं सब समस्याओं के समाधान खोजने के उद्देश्य से समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर में शनिवार को एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। तीन सत्र की इस व्याख्यान माला में विषय विषेषज्ञों ने अपने विचार और अनुभव सांझा किए। कार्यक्रम में शिक्षक, अभिभावकों और बच्चों ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई।

आयोजन के संबंध में संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने बताया कि यह एक रचनात्मक और सार्थक पहल है। इससे निश्चित रूप से हम समस्याओं के समाधान की दिशा में अग्रसर होंगे और बच्चों को तुलनात्मक रूप से अधिक श्रेष्ठ शिक्षा और संस्कार दे सकेंगे।


उन्होंने बताया कि शिक्षक, पालक और बालक तीनों सब एक समान विचार के साथ एक दिशा में चलते हैं, तभी परिणाम अच्छे हो सकते हैं। यदि इन तीनों में आसपी सामंजस्य नहीं होगा और विरोधाभास होगा तो आशानुरूप परिणाम नहीं आएंगे।

# स्कूली छात्र ज्वलंत मुद्दों को समझते हैं, बल्कि कला के माध्यम से सजीव चित्रण भी करते हैं

**नर्मदापुरम।**

**आर्ट एग्जिबिशन एक शानदार अवसर है प्रतिभा की स्पष्ट प्रस्तुति, कलाकारों का अपने दर्शकों को संदेश, जागरूकता बढ़ाने व एक नया विचार साझा करने का अवसर देती हैं। इस प्रदर्शनी को आयोजित करने का उद्देश्य विद्यालय अध्यनरत बाल कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करना है।**

कला भावनाओं को अनोखे ढंग से व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम प्रदान करने हेतु स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को वार्षिक



इवेंट क्षितिज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए 700 उत्कृष्ट पेंटिंग्स बनाई तथा 250 आकर्षक वॉल हैंगिंग्स प्रदर्शित किए साथ ही स्कूल के प्रत्येक स्थान को बच्चों ने अपने हाथ से बनी हुई कलाकृतियों से बड़े ही आकर्षक रूप में सजाया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य श्रीमती माया नारोलिया, विशिष्ट अतिथि लोकसभा सदस्य दर्शन सिंह चौधरी, अध्यक्ष डिप्टी कलेक्टर डॉ. बबिता राठौर रहे एवं चेयरमैन संज्ञा शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति के चेयरमैन पी. के. चटर्जी एवं डायरेक्टर श्रीमती प्रोनोती चटर्जी उपस्थित रहीं। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शासकीय होम साइंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. कामिनी जैन, जिला यूथ एंड स्पोर्ट्स ऑफिसर सुश्री उमा पटेल एवं अध्यक्ष नर्मदापुरम मठ मंदिर समिति अध्यक्ष डॉ. गोपाल प्रसाद जी खड्डर रहे। सम्माननीय अतिथियों ने छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा दिखाई गई रचनात्मकता और अभिव्यक्ति बेहद सराहनीय है। यह इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्कूलों के छात्र न केवल वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों को समझते है बल्कि अपने कला के माध्यम से उसका सजीव चित्रण भी करते है।

## दाउदी बोहरा समाज ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया

**बड़वाह।** नगर के दाउदी बोहरा समाज ने शुक्रवार शाम को क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया।बड़वाह-सनावद मार्ग पर आरआर टर्फ पर हुए इस आयोजन में समाज के युवाओ ने बढ़चढ़ कर उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।शाम 4 बजे से शुरू हुआ आयोजन देर रात 9 बजे तक चला।पूरा कार्यक्रम सदर जनाब आमिल साहब ताहेर कमरी की अध्यक्षता में हुआ।इस क्रिकेट मैच का आयोजन बुरहानी गार्ड इंटरनेशनल (हेल्थ अवेयरनेस) ने किया था।इसके सदस्य व आयोजनकर्ता मुस्तफा इज्जी ,कुतुबुद्दीन,अली असगर रॉयल, फखरुद्दीन भाई खूंटवाला ने बताया की इस कार्यक्रम का आयोजन सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के आव्हान पर बुरहानी गार्ड इंटरनेशनल(हेल्थ अवेयरनेस)के तत्वधान में अच्छी सेहत और फिजिकल फिटनेस दुरुस्त रखने का संदेश के साथ किया था।।जिसमे कुल चार टीम ने हिस्सा लिया।

इस पूरे आयोजन में 6-6 ओवर के करीब 6 लीग मैच खेले गए।फायनल मुकाबला सैफी ग्रुप और बुरहानी ग्रुप के बीच हुआ।बुरहानी ग्रुप की टीम ने 45 रन बनाए थे,जिसे सैफी ग्रुप ने 4 ओवर में ही धुआधार बल्लेबाजी करते हुए लक्ष्य प्रप्त कर लिया। सभी मैचो में अम्पायरिंग गुलशन साबिर ने की।बुरहानी भाई ने कामेंट्री की।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में दोनों वर्ग में खण्डवा रहा विजेता

**खण्डवा।**

**खण्डवा में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में राज्य के 16 जिलों की टीमो ने सहभागिता की।नारायण बाहेती व सुनील जैन ने बताया कि राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तनवे ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष अमर यादव, जिला शिक्षा अधिकारी सोलंकी , कुश्ती संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मंगल यादव उपस्थित हुए।**

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने खण्डवा में राज्य स्तरीय आयोजन की सराहना करते हुए खेल भावना से खेलने की बात कही।विधायक श्रीमती कंचन तनवे ने बास्केट बाल को बढ़ावा देने हेतु उचित व्यवस्था प्रदान करने की बात कही।

जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि पुलिस ग्राउंड स्थित बच्चों के खेल मैदान पर जो संकट आ रहा है।उसे सुरक्षित रख कर शहर विकास किया जाना चाहिए। सांसद व विधायक ने बच्चों के खेल मैदान के संरक्षण का आश्वाशन दिया।

कार्यक्रम में सुनील जैन,पन्ना गुप्ता, नारायण बाहेती, मनीषा पाटिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।ब्वाय वर्ग में खण्डवा व खरगोन के बीच हुई फाइनल प्रतियोगिता में खण्डवा ने 56-51 से खरगोन को हराया।गर्ल्स के फाइनल में खण्डवा ने 32 - 29 से इन्दौर को हराकर विजेता बनी।

पूर्व में सेमी फाइनल खरगोन बैतूल व खण्डवा उज्जैन के बीच हुआ।समापन व पुरुस्कार वितरण अवसर राजेश शुक्ला, मुकेश तनवे,अमर यादव,आशीष चटकेले,दिनेश पालीवाल,मोना दफ़्तरी,नारायण बाहेती,मनीषा पाटिल,सुनील जैन,नानूराम मांडले,पिंकी राठौर, पन्ना गुप्ता राजपाल राठौर ने उपस्थित रहकर विजेताओं को ट्राफी प्रदान की।कार्यक्रम का संचालन मोना दफ्तरी ने किया ।आभार राजेश शुक्ला व पन्ना गुप्ता ने माना।

# बड़वाह की मोना बुआ बनीं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर

**बड़वाह।**

**मोरटक्का में किन्नर समाज का सात दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतिम दिवस बड़वाह नगर में किन्नर समाज ने भव्य कलश यात्रा निकाली।इस कलश यात्रा में बड़वाह सहित पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रो से आए किन्नर शामिल हुए।जो पुरे शोभायात्रा में उत्साह और उमंग के साथ झूमते,गाते निकले। जबकि समाज की वरिष्ठ सदस्याए बग्गी में बैठी थी।**

नागेश्वर मन्दिर परिसर स्थित दत्त मंदिर से निकली कलश यात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से होकर गुजरी।जगह-जगह विभिन्न संस्थाओं ने उनका स्वागत तो किया ही साथ ही सभी का आशीर्वाद भी लिया।शोभायात्रा के पहले नागेश्वर स्थित हनुमान मंदिर में 11 किलो का घंटा भी अर्पित किया गया।इस सात दिवसीय



महासम्मेलन की खास बात यह है कि पूरा आयोजन बड़वाह की मोना बुआ ने किया था,इस कार्यक्रम में उन्हें किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर की उपाधि भी मिली है।पुरे आयोजन के दौरान एसडीओपी अर्चना रावत,टीआई बलराम सिंह राठौर व तहसीलदार शिवराम कनासे समेत पुलिसकर्मी मार्ग पर यातायात व्यवस्था सम्भालने में लगे थे। दोपहर करीब 2 बजे महामंडलेश्वर गुरु मोना बुआ की मौजूदगी में किन्नर समाज ने कलश यात्रा प्रारम्भ की।दत्त मन्दिर से कलश लेकर यात्रा शुरू हुई।इस दौरान युवा किन्नर शोभयात्रा में आगे-आगे तो वही समाज की वरिष्ठ किन्नर बग्गी,गाड़ियों में बैठी हुई थी।डीजे पर बज रहे गीतों पर जमकर थिरके।इस दौरान कुछ किन्नर जो बग्गी में बैठे हुए थे वो भी गीतों पर झूमते हुए नजर आए।नगर के इतिहास में पहली बार निकले जुलुस को देखने के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं की भीड़ रही।शोभायात्रा को देखने के लिए सड़क के दोनों और देखने वालो व स्वागत करने वालो की भीड़ जमा थी।इस दौरान नगर के विभिन्न सामजिक,राजनितिक व स्वयंसेवी संगठनो ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।नागेश्वर मन्दिर रोड़,कालका माता रोड़,झंडा चौक,गोल बिल्डिंग,एमजी रोड़,मुख्य चौराहा,बस स्टेशन रोड़ की महेश्वर रोड़ होते हुए सरस्वती शिशु मन्दिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ।इसके बाद सभी किन्नर समाजजन मुख्य आयोजन स्थल मोरटक्का पहुंचे। समाज के दिवंगतो को किया याद व देशवासियों की सुख समृद्धि की कामना-कार्यक्रम की आयोजक महामंडलेश्वर मोना बुआ ने बताया की 16 दिसम्बर से कार्यक्रम का आयोजन मोरटक्का में शुरू हुआ था।22 दिसम्बर को समापन होगा।